कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला चिकि. सतना (म.प्र.)

क्रमांक/रो.क.स./2019/ सतना, दिनांक ....

निविदा सूचना

रोगी कल्याण समिति के अन्तर्गत जिला चिकित्सालय, सतना में ई-हास्पिटल साफ्टवेयर संचालन हेतु आउटसोर्सिंग से कराने हेतु रजिस्टर्ड फर्म/एजेन्सी जिन्हे किसी भी शासकीय/अशासकीय पंजीकृत चिकित्सा संस्थान या चिकित्सालय में कम्प्यूटराईजेशन करने का न्यूनतम एक वर्ष का अनुभव हो, से सील बंद निविदायें आमंत्रित की जाती है ।

निविदा फार्म एवं शर्ते कार्यालयीन समय में (अवकाश दिवस को छोड़कर) निविदा जारी होने के दिनांक से दिनांक 08.10.2019 तक नगद रूपये 2000-00 (दो हजार रूपये मात्र) जमा कर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

संबंधित निविदाकार को निविदा के साथ रू. 100000/- (रू. एक लाख) की अमानत राषि के रूप मे अधोहस्ताक्षरकर्ता के नाम देय एफ.डी.आर. संलग्न करना अनिवार्य होगा। निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि 09.10.2019 को सायं 05.30 बजे तक रहेगी। प्राप्त निविदाओ की टेक्नीकल बिड को दिनांक 10.10.2019 को दोपहर 1 बजे कार्यालय कलेक्टर सभाकक्ष सतना मे गठित समिति के समक्ष खोला जायेगा।

निविदा प्रपत्र की विस्तृत जानकारी सतना जिले की वेबसाईट satna.nic.in से भी डाउनलोड की जा सकती है। यदि निविदा प्रपत्र वेबसाईट से डाउललोड की जाती है तो निविदा प्रस्तुत करने के पूर्व अथवा निविदा के साथ निविदा प्रपत्र की मूल कीमत राशि रू. 2000.00 का बैंक ड्राफ्ट सचिव रोगी कल्याण समिति जिला चिकित्सालय सतना के पक्ष में देय संलग्न करना अनिवार्य होगा।

सिविल सर्जन/सचिव
रो.क.स.जिला चिकि. सतना (म.प्र.)

कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला चिकित्सालय सतना म0प्र0

रोगी कल्याण समिति

जिला चिकित्सालय सतना

<u>निविदा प्रपत्र</u>

निविदा प्रपत्र क्रमांक	-.......................... रसीद क्रमांक/बैंक ड्राफ्ट क्रमांक ....
विक्रय दिनांक	-..
क्रेता का नाम	-..
क्रेता प्रतिनिधि के हस्ताक्षर/	-..

निविदा प्रपत्र का मूल्य	-2000=00 नगद
निविदा प्रपत्र विक्रय की तिथि	-निविदा जारी दिनांक से 08/10/2019 तक कार्यालयीन समय मे (10:30 बजे से 05:30 बजे तक)
निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय	-दिनांक 09/10/2019 को सायं 05:30 बजे तक
तकनीकी निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान	- दिनांक 10/10/2019 को दोपहर 1 बजे कार्यालय कलेक्टर सभा कक्ष सतना

जिला अस्पताल सतना मध्य प्रदेश में ई-हॉस्पिटल सॉफ्टवेयर के संचालन हेतु निविदा प्रपत्र

निविदा क्र. ....   दिनांक..................

विषय सूची

क्र.	विवरण	पेज नं.
1	खण्ड 1: सामान्य जानकारी	5
2	खण्ड 2: **साफ्टवेयर संचालन एवं कार्यक्षेत्र**	6-8
3	खण्ड 3: निविदा विवरण	9-12
4	खण्ड 4: सामान्य निर्देश एवं शर्तें	12-13
5	अनुलग्नक 1: प्रस्ताव पत्र प्ररूप - 1	14-15
6	अनुलग्नक 2: तकनीकी प्रस्तावहेतु प्रपत्र,प्ररूप - 2	16
7	अनुलग्नक 3: संचालन हेतु वित्तीय प्रस्तावप्रपत्र,प्ररूप- 3	17-18
8	अनुलग्नक 4:कर्मचारियों का विवरण/बायोडाटा,प्ररूप - 4	19
9	अनुलग्नक 5:शासकीय/सार्वजनिक संस्था में कार्य अनुभव,प्ररूप - 5	20
12	अनुलग्नक 6:कम्प्यूटर एवं अन्य उपकरणों के विन्यास(Configuration)	21-22

सरदार वल्लभ भाई पटेल, जिला चिकित्सालय सतना

खण्ड - 1

1. जिला चिकित्सालय सतना

सरदार वल्लभ भाई पटेल, जिला चिकित्सालय सतना शहर के बीचों बीच करीब 7 एकड़ क्षेत्रफल में फैला हुआ है। जिला चिकित्सालय में नर्सिंग ट्रेनिंग/स्कूल भी संचालित है। 400 बिस्तरों के चिकित्सालय में आई.सी.यू. के साथ-साथ अन्य आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं जैसे-सोनोग्राफी, डायलिसिस इत्यादि उपलब्ध है। जिला चिकित्सालय सतना जिलेवासियों की चिकित्सा सेवाओं की पूर्ति करता है इसके साथ ही सरकार की स्वास्थ्य संबंधी कई योजनाओं को लागू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है

2. रोगी कल्याण समिति

रोगी कल्याण समिति ने मरीजों का पंजीयन, इलाज, दवाई वितरण, भर्ती एवं आपातकालीन सेवाओं का डिजीटल इंडिया प्रोग्राम के तहत भारत सरकार द्वारा विकसित ई-हॉस्पिटल साफ्टवेयर के माध्यम से कम्प्यूटेराईजेशन करने का निर्णय लिया है जिससे मरीजों को 24x7 सुविधा एवं सेवाएं प्राप्त होती रहें।

3. ई-हॉस्पिटल@nic

ई-हॉस्पिटल साफ्टवेयर इलेक्ट्रानिकी एवं सूचना प्रोद्यौगिकी विभाग/राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र, नई दिल्ली, भारत सरकार द्वारा विकसित किया गया है। चिकित्सालयों के लिए ई-हॉस्पिटल साफ्टवेयर क्लाउड एवं वर्कफ्लो आधारित साफ्टवेयर है जो कि जिला अस्पतालके मरीजों की जानकारी, अस्पताल प्रबंधन एवं अन्य चिकित्सा सेवाओं के संचालन में मदद करेगा। ई-हॉस्पिटल साफ्टवेयर की अधिक जानकारी के लिए वेबसाईटhttp://ehospital.nic.in/ehospitalcloud/CloudHome/home.jsp or http://ehospital.nic.in/ehospital/पर देखा जा सकता है।

4. ई-हॉस्पिटल का क्रियान्वयन

ई-हॉस्पिटल साफ्टवेयर के क्रियान्वयन हेतु राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र, नई दिल्ली द्वारा ईम्पेनलमेंट एजेंसी सीनेट द्वारा साफ्टवेयर स्थापित करने संबंधी समस्त प्रारंभिक तैयारियां की जावेंगी जिसमें साफ्टवेयर के प्रथम चरण में साफ्टवेयर के तीन प्रमुख मोड्यूल क्रियान्वित किया जाना है।

1. रोगी पंजीयन
2. आपातकालीन रोगी पंजीयन
3. भर्ती/छुट्टी का पंजीयनएवं भुगतान
4.लैब रिपोर्ट

खण्ड - 2

5. साफ्टवेयर संचालन एवं कार्यक्षेत्र

ई-हॉस्पिटल साफ्टवेयर के संचालन एवं दिन प्रतिदिन के क्रियाकलापों को करने के लिए रोगी कल्याण समिति आउटसोर्स एजेंसी के माध्यम से साफ्टवेयर संचालन की व्यवस्था करने हेतु खुली निविदा/प्रस्ताव आमंत्रित करती है। जिसमें ई-हॉस्पिटल संचालन एजेंसी का कार्यक्षेत्र निम्नानुसार होगा।

1. ई-हॉस्पिटल के क्रियान्वित मोड्यूल में डाटा एंट्री जैसे- रोगियों का पंजीयन जिसमें रोगी की सामान्य जानकारी (नाम, पता, उम्र), बीमारी, भर्ती/छुट्टी इत्यादि करना। भर्ती किये गये रोगीयों के लिए वार्ड, बिस्तर इत्यादि की एंट्री।
2. ई-हॉस्पिटल साफ्टवेयर से प्रतिदिन रिपोर्ट निकालना जिनमें मुख्यतः पंजीयन पर्ची, भर्ती पर्ची एवं छुट्टी संबंधी एवं अन्य आवश्यक रिपोर्ट निकालना तथा मेडिकल रिकार्ड संधारण, आई.पी.डी/ओ.पी.डी. की दवाईयो का खर्चा संधारण। एन.क्यू.ए.एस./कायाकल्प / मॉडल डिस्ट्रिक्ट हॉस्पिटल के चेक पॉइंट / शासकीय निर्देशों के अनुसार OPD/IPD पर्ची मे प्रविष्टि करना अनिवार्य होगा।
3. चयनित फर्म/संस्था को स्वयं के संसाधन जैसे- कम्प्यूटर (आधुनिक विन्यास), प्रिंटर, यू.पी.एस., स्टेशनरी एवं ई-हॉस्पिटल की आवश्यकता अनुसार हाई स्पीड का इंटरनेट (कम से कम 4 MBPS) की व्यवस्था स्वयं इस तरह करनी होगी ताकि रोगीयों को लाईन में कम से कम इंतजार करना पड़े। एक पर्ची बनने की अधिकतम समय-सीमा 2 मीनिट तय की गई है। प्रत्येक 150 मरीज के पंजीयन पर एक काउण्टर के मान से सुविधा देनी होगी, एवं ओ.पी.डी. समय के अतिरिक्त आपातकालीन समय में आवश्यकता अनुसार 01 से 02 काउण्टर की व्यवस्था करना अनिवार्य होगा।
4. चयनित एजेंसी को ई-हॉस्पिटल साफ्टवेयर का संचालन स्वतंत्र रूप से करना होगा, रोगी कल्याण समिति द्वारा निविदा में तय की गई राशि के अलावा अन्य किसी प्रकार के संसाधन उपलब्ध नहीं कराये जावेंगे।
5. साफ्टवेयर संचालन का कार्य एजेंसी द्वारा पूर्णतः शासकीय चिकित्सा नियमों के तहत करना होगा। सामान्यतः चिकित्सालय खुलने पर जिसमें रोगी कल्याण समिति द्वारा निर्धारित पंजीयन शुल्क/मुफ्त में ओ.पी.डी. में प्रतिदिन **औसतन 1000** पंजीयन होते हैं।
6. चयनित एजेंसी द्वारा लगाये गये उपकरणों की देखभाल की जिम्मेदारी एजेंसी की होगी एवं अनुबंध समय सीमा की समाप्ति या निलंबन/निरस्तीकरण के तहत एजेंसी अपने उपकरण साथ ले जा सकती है।
7. जिला चिकित्सालय बिजली एवं जगह प्रदाय करेगी जिसमें किसी भी प्रकार की क्षति पाए जाने पर प्रतिपूर्ति संबंधित एजेंसी द्वारा की जावेगी।
8. आवश्यक कम्प्यूटर एवं अन्य उपकरण(डेस्कटाप कम्प्यूटर/ लेपटाप/ लेजर जेट प्रिंटर/इंटरनेट/यू.पी.एस.के विन्यास(Configuration) **अनुलग्नक-6** में दिये गए है।
9. चिकित्सालय के कार्य दिवस में प्रत्येक कम्प्यूटर का चालू हालत में होना आवश्यक है अतः 1 लेपटॉप मय कीबोर्ड, माऊस के साथ पृथक से उपलब्ध होना चाहिए जिसे किसी कम्प्यूटर के खराब होने पर प्रयोग में लाया जा सके।
10. चयनित एजेंसी को सर्विस डिलेवरी, मैन पावर एवं संसाधनों की उपलब्धता संबंधी शिकायतों का निराकरण स्वयं करना होगा अन्यथा निर्धारित अर्थदण्ड मासिक राशि से काट लिया जावेगा। कर्मचारियों का चयन - अच्छे व्यवहार एवं कार्यकुशलता और आम जनता के साथ सद् व्यवहार एवं अच्छी कार्यकुशलता वाले कर्मचारियों को ही चयनित कर काउण्टर में लगाया जावे।
11. चयनित एजेंसी को सभी काउण्टरों से प्रतिदिन प्राप्त कुल राशि रोगी कल्याण समिति के बैंक खाते में अधिकतम 03 दिवसों में जमा करानी होगी तथा प्रतिदिन प्राप्त राशि के मदवार विवरण के साथ जमा रसीद सचिव रोगी कल्याण समिति के कार्यालय में प्रेषित किया जाना होगा।

12. साफ्टवेयर संचालन में साफ्टवेयर बंद होने को छोड़कर अन्य आकस्मिक कठिनाई जिसमें 10 मिनिट से ज्यादा का अवरोध उत्पन्न होता हो चयनित एजेंसी के कर्मचारी सचिव, रोगी कल्याण समिति को लिखित में सूचना उपलब्ध करावेंगे तथा वैकल्पिक व्यवस्था की संपूर्ण जिम्मेदारी एजेंसी की होगी। अन्य किसी कारण से साफ्टवेयर संचालन में व्यवधान होने पर एजेंसी के विरूद्ध अर्थदण्ड लगाकर चेतावनी दी जावेगी जिसकी पुर्नवृत्ति होने पर करारनामा रद्द कर दिया जावेगा एवं प्रतिभूति की राशि जप्त कर ली जावेगी।
13. सफलतम निविदाकार को रोगी कल्याण समिति द्वारा संचालन के दौरान समय-समय पर सेवाओं को और अधिक बेहतर बनाने के लिये दिये गये सुझावों को मानना होगा।

6. प्रथम चरण में निम्नानुसार काउंटर संचालित करने का निर्णय लिया गया है।

काउंटर का नाम	कम्प्यूटरों की संख्या	प्रिंटरों की संख्या	संचालन समय
ओ.पी.डी. काउंटर (आकृति1:- बाहरी रोगी प्रकिया)	06	06	प्रातः 9 बजे से सायं 4 बजे तक
आपातकालीन सेवाकाउंटर समस्त कार्य	01	01	24 घंटे (opd समय के आतिरिक्त)
आईपीडी - भर्ती/छुट्टी/भुगतान काउंटर (आकृति 2:- आंतरिक रोगी प्रकिया)	01	01	सुबह 10 बजे से सायं 6 तक
लैब रिपोर्ट काउंटर	01	01	सुबह 10 बजे से 6 बजे सायं तक

टीप : मरीजो की संख्या मे व्रद्धि होने पर 1-2 अतिरिक्त काउंटर की व्यवस्था करनी होगी जिसके लिए सफल निविदाकार को आपसी सहमति से प्रतिमाह अतिरिक्त भुगतान किया जाएगा।

आकृति 1 :- बाहरी रोगी प्रकिया



आकृति 2 :- आंतरिक रोगी प्रकिया



8. प्रस्ताव तैयार करने के लिए निर्देश

1. प्रस्ताव केवल जारी किये गये प्रपत्र में तैयार किये जावे एवं किसी प्रकार कांट-छांट न की जावे। किसी भी प्रकार के पुनर्लेखन को अधिकृत व्यक्ति जिसने प्रस्ताव में हस्ताक्षर किये हो, के द्वारा सत्यापित किया जावे।
2. प्रस्ताव निविदाकार द्वारा या उनके किसी अधिकृत व्यक्ति द्वारा हस्ताक्षर किये जावे जो कि निविदा की सभी शर्तों का पालन करते हो। किसी भी प्रकार का मुख्तारनामा जो कि कानूनी रूप से वैध हो प्रस्ताव के साथ अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से प्रस्तुत किया जा सकता है।
3. फर्म/निविदाकार की पहचान के लिये नाम एवं पता स्पष्ट रूप से लिखा जावे ताकि विलम्ब से प्राप्त प्रस्तावों को लौटाया जा सके।
4. फैक्स, ई-मेल के माध्यम से प्राप्त प्रस्तावों को अस्पष्ट, दोषपूर्ण मानते हुये अमान्य कर अस्वीकार कर दिया जावेगा। केवल सभी प्रकार के पूर्ण प्रस्ताव जो कि निविदा की आखिरी तारीख एवं समय सीमा में प्राप्त होंगे उपरोक्तानुसार प्रक्रिया में शामिल किया जावेगा।
5. निविदाकारों को प्रस्ताव जमा होने के पश्चात संशोधन, पुनर्लेखन या वापस लेने की अनुमति नहीं दी जावेगी।
6. निविदा जमा करने से संबंधी लागत का भार निविदाकार को वहन करना होगा एवं किसी भी परिस्थिति में रोगी कल्याण समिति व्यय का भुगतान करने हेतु जिम्मेदार नहीं होगी।
7. निविदा प्रपत्र जिस पार्टी द्वारा क्रय किया गया है उसी के द्वारा भरा जावेगा किसी अन्य को हस्तांतरित किये गये निविदा प्रपत्र मान्य नहीं किए जावेंगे। अतः निविदा पूर्णतः अहस्तांतर्णीय हैं।
8. निविदाकारों द्वारा सभी प्रकार की जानकारियां निर्धारित प्रारूप में हिन्दी भाषा में प्रस्तुत करना होगा।
9. सभी संलग्नक/सहपत्र के प्रत्येक पेज की नंबरिंग करते हुये निविदाकार द्वारा सील लगाकर हस्ताक्षर किये जाये।
10. तकनीकी निविदा के साथ सभी दस्तावेज लगाये जावे एवं प्रतिभूति की राशि की जमा रसीद लगाई जाये।
11. वित्तीय निविदा प्ररूप 3 में ही दी जावे जिसमें किसी प्रकार का पुर्नलेखन, काट-छांट होने पर निविदा अमान्य कर दी जावेगी।
12. सभी प्रकार से पूर्ण निविदा सील बंद लिफाफे में जिसमें प्रेषक का पता स्पष्ट लिखते हुये सिविल सर्जन सह सचिव, रोगी कल्याण समिति, जिला चिकित्सालय, सतना में निविदा की अंतिम तारीख तक जमा किया जा सकता है।

9. निविदा के संबंध में स्पष्टीकरण - रोगी कल्याण समिति निविदा प्रपत्र के संबंध में किसी भी शंका का समाधान रोगी कल्याण समिति द्वारा आयोजित प्री-विड मीटिंग में दिया जावेगा।

10. प्रस्ताव जमा करना अंतिम तिथि - सभी प्रकार से पूर्ण प्रस्तावों को सील बंद लिफाफे जिसमें सभी लिफाफे जोड़ स्थान पर प्रति हस्ताक्षरित करते हुये अच्छी गुणवत्ता वाली पारदर्शी टेप द्वारा चिपका हुआ होना चाहिए। तकनीकी निविदा एवं वित्तीय निविदा के लिफाफे बताये तरीके अनुसार बंद प्राप्त नहीं होने पर निविदा अमान्य कर दी जावेगी जिसमें रोगी कल्याण समिति की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

निविदाकार सीलबंद लिफाफे में **सचिव, रोगी कल्याण समिति, जिला चिकित्सालय, सतना** पते पर दिनांक 09-10-19 को सायं 5.30 बजे तक निविदा जमा कर सकते है। इसके पश्चात प्राप्त होने वाले प्रस्तावों पर विचार नहीं किया जावेगा जिसकी जिम्मेदारी निविदाकार की होगी। डाक, कोरियर इत्यादि द्वारा प्रेषित किये प्रस्तावों को अंतिम तिथि एवं समय के बाद विलम्ब से प्राप्त होने पर शामिल नहीं किया जावेगा जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी निविदाकार की होगी। कवरिंग लिफाफा में **"ई-हॉस्पिटल साफ्टवेयर का संचालन जिला चिकित्सालय सतना"**लिखा जावे। तकनीकी लिफाफा में स्पष्ट रूप

से **ई-हॉस्पिटल साफ्टवेयर का संचालन - तकनीकी निविदा** लिखा जाए, वित्तीय लिफाफा में "**ई-हॉस्पिटल साफ्टवेयर का संचालन - वित्तीय निविदा**" आवश्यक रूप से लिखा जाए।

11. तकनीकी निविदा - इस निविदा में प्रपत्र - 2 को पूरी तरह भरकर निम्नानुसार दस्तावेजों को पृथक से सील बंद लिफाफे में ''**ई-हॉस्पिटल साफ्टवेयर का संचालन - तकनीकी निविदा"**लिखते हुये जमा किया जाना होगा''

1. टर्नओवर की सत्यापित प्रतिलिपि (विगत दो वर्षों 2017-18, 2018-19 में सी.ए. की रिपोर्ट सहित सीएस/सीए/आडिटर के हस्ताक्षर से जारी किया प्रमाण पत्र संलग्न करें।
2. फर्म/सोसायटी/कंपनी एक्ट के तहत पंजीकरण का प्रमाण पत्र एवं संस्था के नाम पैन कार्ड
3. मध्यप्रदेश सरकार या अन्य एजेंसी का कार्यादेश एवं विगत वर्षो का चिकित्सालयीन कार्यानुभव (न्यूनतम 1 वर्ष का) प्रमाण पत्र
4. मुख्य कर्मचारियों का बायोडाटा एवं संपूर्ण टीम सदस्यों के दायित्व की विस्तृत जानकारी
5. एजेंसी की तकनीकि क्षमता एवं उपलब्ध संसाधन
6. 500 शब्दों की प्रस्तावित कार्ययोजना एवं तकनीकी संक्षेपिका
7. प्रतिभूति राशि 100000/- रूपये का एफ.डी.आर.
8. निविदा प्रपत्र की 2000/- रूपये की रसीद या डिमाण्ड ड्राफ्ट
9. विगत तीन वर्षो के आयकर रिटर्न की अभिस्वीकृति
10. वित्तीय निविदा प्रपत्र का लिफाफा
11. जीएसटी पंजीयन की छायाप्रति

12. परियोजना का प्रतिवेदन

1. **ई-हॉस्पिटल की समझ** - जिला चिकित्सालय में ई-हॉस्पिटल परियोजना के सफल क्रियान्वयन हेतु निविदाकार को इस कार्यक्रम के उद्देश्य एवं सौपे गये कार्य को करने के लिये अपनाई जाने वाली सभी प्रकार की आवश्यकताओं एवं भविष्य की चुनौतियों एवं उनके निराकरण के बारे में 500 शब्दों की संक्षेपिका तैयार कर प्रस्तुत करनी होगी।
2. **कार्ययोजना** - इस भाग में निविदाकार को ई-हॉस्पिटल साफ्टवेयर क्रियान्वयन करने के लिये मुख्य गतिविधियों का उल्लेख एवं निर्धारित समय सीमा में वांछित परिणाम लाने हेतु कार्ययोजना की विस्तृत जानकारी संलग्न करनी होगी।
3. **सुझाव** - ई-हॉस्पिटल परियोजना के क्रियान्वयन के संबंध में यदि कोई सुझाव जो कि जिला चिकित्सालय एवं रोगी कल्याण समिति को प्रभावकारी ढंग से करने के लिए किये जा सकते है।

13. वित्तीय निविदा

वित्तीय निविदा का फार्म जैसा कि निविदा प्रपत्र प्ररूप 3 में दिया गया है सील बंद लिफाफे में "**ई-हॉस्पिटल साफ्टवेयर का संचालन - वित्तीय निविदा**"लिखते हुये जमा किया जाना होगा

14. प्रस्तावों को खोलना

कलेक्टर/अध्यक्ष रोगी कल्याण समिति के अनुमोदन से गठित समिति एवं निविदाकारों या उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष प्राप्त प्रस्तावों को कार्यालय कलेक्टर सभा कक्ष सतना में दिनांक 10.10.2019 को दोपहर 1 बजे खोला जावेगा। सबसे पहले तकनीकी लिफाफा खोला जावेगा उसके पश्चात् बताये गये समय में सभी निविदाकारों को पावर पाइंट प्रेजेंटेशन देना होगा। तकनीकी रूप से सफल निविदाकारों को वित्तीय निविदा खोलने की तारीख, समय एवं स्थान आदि बता दिया जावेगा। शासकीय अवकाश होने पर अगले कार्यदिवस में निविदा खोलने की कार्यवाही की जावेगी।

15. प्रस्तावों का मूल्यांकन - रोगी कल्याण समिति, सतना तकनीकी एवं वित्तीय निविदाओं को खोलने के लिये गठित समिति के माध्यम से मूल्यांकन करावेगी। मूल्यांकन की प्रक्रिया निम्नानुसार होगी।

1. प्रारंभिक संवीक्षा - प्रस्तावों की प्रारंभिक संवीक्षा निविदाकारों या उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष लिफाफे खोले जाने के तुरंत बाद की जावेगी। प्रारंभिक संवीक्षा में केवल प्रस्तावों की पूर्णता, विधिवत हस्ताक्षर, प्रतिभूति राशि का डिमाण्ड डाफ्ट, प्रस्ताव प्रपत्र का शुल्क एवं तकनीकी निविदा, वित्तीय निविदा का लिफाफा होने संबंधी परीक्षण किया जावेगा उक्त की कमी के आधार पर प्रस्ताव अस्वीकार कर दिया जावेगा।

2. तकनीकी मूल्यांकन - तकनीकी प्रस्ताव का मूल्यांकन प्रारंभिक संवीक्षा के तुरंत बाद किया जावेगा। तकनीकी प्रस्ताव केवल उन्हीं निविदाकारों के खोले जावेंगे जिनके प्रस्ताव पूर्ण पाये जावेंगे। यदि तकनीकी प्रस्ताव किसी प्रकार से अनुरूप नहीं पाए जाते है तो उसे तुरंत अस्वीकार कर दिया जावेगा, तकनीकी प्रस्ताव जो कि निर्धारित अर्हता को पूर्ण करेंगे उन्हीं का मूल्यांकन किया जावेगा।

16. तकनीकी मूल्यांकन का आधार -

संस्था का विवरण -

1. संबंधित फर्म/सोसाइटी/कंपनी एक्ट के तहत कम से कम 1 वर्ष पूर्व पंजीकृत होना चाहिए।
2. संस्था का विगत 2 वित्तीय वर्षो में कुल वार्षिक कारोबार कम से कम 10 लाख होना चाहिए।
3. **साफ्टवेयर क्रियान्वयन एवं संचालन का अनुभव** - संस्था को कम से कम 2 वर्षो का साफ्टवेयर संचालन एवं न्यूनतम 1 वर्ष का चिकित्सालयीन कार्य का अनुभव होना चाहिए जिसके साथ पूर्व नियोक्ता या प्रदाता संस्था का संतुष्टि एवं अनुभव प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। फर्म द्वारा सूचना प्रोद्योगिकी से संबंधित योजनाओं/सेवाओं के क्रियान्वयन एवं संचालन में भागीदारी से संबंधित अनुभव का प्रतिवेदन 500 शब्दों में देना होगा।
4. **प्रस्तुतिकरण** - निविदाकारों को ई-हॉस्पिटल साफ्टवेयर एवं तकनीकी निविदा के संबंध में 5 स्लाईड का पावर पाईंट प्रस्तुतिकरण प्रदर्शित करना होगा जिसके आधार पर रोगी कल्याण समिति द्वारा निर्धारित न्यूनतम अंक प्राप्त करना होगा। निविदाकारों का तकनीकी मूल्यांकन 1 से 10 अंकों के आधार पर किया जावेगा जिसमें कम से कम 6 अंक को तकनीकी रूप से उत्तीर्ण माना जायेगा।
   - I. ई-हॉस्पिटल परियोजना की समझ - 1 अंक
   - II. कार्ययोजना - 3 अंक
   - III. संस्था/फर्म की पृष्ठभूमि - 1 अंक
   - IV. संस्था द्वारा नियुक्त कर्मचारियों का बायोडाटा - 2 अंक
   - V. योजना क्रियान्वयन में प्रयुक्त होने वाले कम्प्यूटर हार्डवेयर विन्यास - 1 अंक
   - VI. संस्था को प्राप्त पुरस्कार/प्रशंसा पत्र - 1 अंक
   - VII. संचालन की कार्ययोजना संबंधी प्रस्तुतिकरण - 1 अंक

17. तकनीकी निविदा में चयनित निविदाकार - सभी निविदाकार जो कि उपरोक्तानुसार बताये गये मापदण्डों के आधार पर तकनीकी रूप से सफल घोषित किये जावेंगे केवल उनकी ही वित्तीय निविदा आगामी तिथि में खोली जावेगी।

18. वित्तीय प्रस्तावों का मूल्यांकन - तकनीकी रूप से चयनित सफल निविदाकारों के वित्तीय प्रस्तावों को खोला जावेगा एवं वित्तीय प्ररूप - 3की सारणी पर दी गई कुल राशि का तुलनात्मक अध्ययन के पश्चात् न्यूनतम दर प्रस्तावित करने वाले निविदाकार को सफल निविदाकार घोषित किया जावेगा।

19. निविदा प्रपत्र - निविदा प्रपत्र अंतिम तिथि के पूर्व रोगी कल्याण समिति बिना कारण बताये प्रपत्र में संशोधन कर सकती है एवं ऐसे सभी संशोधन के आधार पर संभावित निविदाकारों को अवसर देने के लिये अंतिम तिथि में परिवर्तन करने का संपूर्ण अधिकार रोगी कल्याण समिति, जिला चिकित्सालय सतना को होगा।

खण्ड - 4

20. सामान्य निर्देश एवं शर्तें - निविदाकारों को प्रस्ताव भरने के संबंध में निर्देश दिये गये है जो कि निविदाकारों को मान्य हेतु बंधनकारी होगा एवं भारतीय नियमों के अनुसार विधि मान्य होगा। किसी भी प्रकार के विवाद को सुलझाने के लिए कलेक्टर/अध्यक्ष रोगी कल्याण समिति, जिला सतना का निर्णय अंतिम होगा।

21. अनुबंध की शर्तें - निविदा प्रस्ताव स्वीकार होने के पश्चात रोगी कल्याण समिति सफलतम निविदाकार को लिखित में सूचित करते हुये आगे का अनुबंध करेगी जिसमें निविदा प्रपत्र अनुबंध का हिस्सा रहेगा। अनुबंध की शर्तों में किसी भी प्रकार का बदलाव रोगी कल्याण समिति एवं सफलतम निविदाकार के आपसी लिखित सहमति से मान्य होगा। यदि सफलतम निविदाकार का कार्य आदेश प्राप्ति की अभिस्वीकृति से 10 दिवस या कार्य आदेश जारी होने से 15दिवस जो भी कम हो के भीतर यदि अनुबंध नहीं करता है तो रोगी कल्याण समिति प्रथम सफल निविदाकार को निरस्त कर उसकी धरोहर राशि को राजसात करते हुये द्वितीय न्यूनतम दर वाले निविदाकार को अनुबंधित करने का प्रस्ताव दे सकती है।

सफलतम निविदाकार के साथ रोगी कल्याण समिति का अनुबंध प्रारंभिक रूप से 01 वर्ष के लिये होगा। इसके पस्चात कार्य संतोषजनक होने पर अनुबंध की अवधि दोनों पार्टियों की आपसी सहमति एवं निविदा शर्तों के आधार पर आगामी वर्ष के लिये बढ़ाई जा सकेगी। अनुबंध अवधि मे कार्य संतोषजनक न पाये जाने पर किसी भी समय एक माह की नोटिस दी जाकर धरोहर राशि राजसात करते हुए कार्यादेश निरस्त करने का अधिकार कलेक्टर/अध्यक्ष रोगी कल्याण समिति, जिला सतना को होगा।

22. गोपनीयता - निविदा प्रस्तावों के मूल्यांकन, स्पष्टीकरण एवं तुलनात्मक चार्ट का विवरण किसी भी निविदाकार या अन्य व्यक्ति जो निविदा प्रक्रिया का हिस्सा नहीं है को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से प्रदर्शित/प्रकट नहीं किया जावेगा। किसी भी अभ्यर्थी द्वारा गोपनीय जानकारी का खुलासा करते हुये पाए जाने पर निविदाकार के प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया जावेगा। रोगी कल्याण समिति की लिखित अनुमति के बिना ऐसी किसी भी प्रकार की सूचना अन्यत्र जाहिर करने पर संबंधित निविदाकार को निविदा प्रक्रिया से निष्कासित करने का संपूर्ण अधिकार रोगी कल्याण समिति, सतना को होगा। इस निविदा के संबंध में जमा किये गये सभी दस्तावेज रोगी कल्याण समिति की संपत्ति होगी जिसे समिति द्वारा निविदा मूल्यांकन के उद्देश्य से उपयोग किये जाने के संपूर्ण अधिकार समिति को होगें।

23. प्रस्तावों की वैधता - तकनीकी एवं वित्तीय प्रस्ताव निविदा खोले जाने के 90 दिवस तक वैध होगें। रोगी कल्याण समिति सभी निविदाकारों की सहमति से प्रस्तावों की वैधता बढ़ा सकती है।

24. प्रस्तावों की स्वीकारता - रोगी कल्याण समिति सफलतम निविदाकार की घोषणा के पश्चात् अंतिम अनुबंध करने से पूर्व प्रस्ताव को स्वीकार या अस्वीकार करने संबंधी अपने सभी अधिकार अपने पास सुरक्षित रखती है जिसमें प्रभावित निविदाकार के प्रति रोगी कल्याण समिति किसी प्रकार से बंधनकारी नहीं होगी।

अनुलग्नक 1

प्रस्ताव पत्र प्ररूप - 1 (निविदाकारों द्वारा उनके संस्था के लेटर हेड में दिया जाए)

संदर्भः निविदा क्रमांक ....   दिनांक ....

प्रति,

सचिव, रोगी कल्याण समिति

जिला चिकित्सालय,

सतना, म.प्र.

विषयः जिला चिकित्सालय सतना में ई-हॉस्पिटल साफ्टवेयर संचालन हेतु प्रस्ताव।

महोदय,

जिला चिकित्सालय सतना में **ई-हॉस्पिटल साफ्टवेयर का संचालन** हेतु प्रकाशित उपरोक्त सम्संख्यक निविदा में दिये गये विवरण का भली भांति अध्ययन करने के पश्चात् मैं/हम अद्योहस्ताक्षरी ई-हॉस्पिटल साफ्टवेयर के संचालन हेतु इच्छुक हैं एवं मेरे/हमारे द्वारा प्रस्तुत वित्तीय निविदा के अनुसार प्रस्तावित करते हैं।

1. मैं/हम निविदा प्रपत्र में दी गई अवधि या उसके पश्चात् बढ़ाई गई समय-सीमा के भीतर हमारे प्रस्ताव को स्वीकार करने के लिये तैयार है। मैं/हम यह भी सुनिश्चित करते है कि जब तक प्रस्ताव स्वीकार होने का कार्यादेश जारी होकर औपचारिक अनुबंध नहीं हो जाता तब तक यह निविदा प्रपत्र ही हमारे बीच अनुबंध पत्र होगा।
2. मुझे/हमें यह स्वीकार है कि रोगी कल्याण समितिजिला चिकित्सालय, सतना द्वारा जारी निविदा के विरूद्ध प्राप्त किये गये प्रस्तावों में से न्यूनतम या अन्य को मान्य करने के लिए समिति बाध्य नहीं है। मैं/हम यह स्वीकार करते हैं कि अध्यक्ष/कलेक्टर रोगी कल्याण समिति को निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार होगा एवं उनका निर्णय अंतिम एवं बंधनकारी होगा जिसके विरूद्ध किसी भी न्यायालय में वाद प्रस्तुत नहीं किया जावेगा।
3. मैं/हम यह सुनिश्चित करते है कि हमें/संस्था को किसी भी शासकीय संस्था द्वारा बहिष्कृत//प्रतिषिद्ध या अपंजीकृत नहीं किया गया है।
4. मैं/हम निविदा दस्तावेज की सभी शर्तों एवं आगामी सभी संशोधन/शुद्धिपत्र को स्वीकार करने के लिए तैयार है।यदि हमारा प्रस्ताव स्वीकार किया जाता है तो हम निविदा मे अंकित राशि के 3 गुना राशि की बैंक गारंटी अनुबंध पत्र के साथ संलग्न करने को तैयार है।
5. मैं/हम यह सुनिश्चित करते है कि यदि हमारा प्रस्ताव अंतिम रूप से चयनित हो जाता है तो मेरे/हमारे द्वारा निविदा में उल्लेखित सभी शर्तों के अनुसार समय-सीमा में कार्य प्रारंभ कर दिया जावेगा।
6. मेरे/हमारे द्वारा निविदा प्रपत्र के प्रथम पृष्ठ को पेज क्रमांक 1 अंकित करते हुये सभी संलग्नकों की पेज नंबरिंग कर दी गई है इस प्रकार अंतिम पृष्ठ का क्रमांक ------ है। (कृपया यहां पर अंतिम संलग्नक की छाया प्रति का पृष्ठ क्रमांक लिखे)।

संलग्न :-

1. निविदाकार की संस्था का विवरण **(प्ररूप - 2)**
2. टर्नओवर की सत्यापित प्रतिलिपि (विगत दो वर्षों 2017-18, 2018-19 में सी.ए. की रिपोर्ट सहित)
3. फर्म/सोसायटी/कंपनी एक्ट के तहत पंजीकरण का प्रमाण पत्र एवं संस्था के नाम पैन कार्ड
4. मध्यप्रदेश सरकार या अन्य एजेंसी के साथ विगत वर्षों का चिकित्सालयीन कार्यानुभव प्रमाण पत्र
5. मुख्य कर्मचारियों का बायोडाटा एवं संपूर्ण टीम सदस्यों के दायित्व की विस्तृत जानकारी
6. एजेंसी की तकनीकी चिकित्सालयीन कार्यानुभव क्षमता, एवं उपलब्ध संसाधनों का विवरण

7. 500 शब्दों की प्रस्तावित कार्ययोजना एवं तकनीकी संक्षेपिका
8. प्रतिभूति राशि 100000/- रूपये का एफ.डी.आर.
9. निविदा प्रपत्र की 2000/- रूपये की रसीद या डिमाण्ड ड्राफ्ट
10. विगत तीन वर्षो के आयकर रिटर्न की अभिस्वीकृति
11. वित्तीय निविदा प्ररूप - 3 का सील बंद लिफाफा
12. जीएसटी पंजीयन की छायाप्रति

प्राधिकृत व्यक्ति के हस्ताक्षर

नाम -

पदनाम-

संस्था -

सील -

घोषणा

1. मुझे/हमें .... आत्मज श्री.. स्वामी/साझेदार/संचालक/अधिकृत प्रतिनिधि संस्था का नाम .... को हस्ताक्षर करने के लिए प्राधिकृत किया गया है।

2. निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न किये गये दस्तावेज एवं प्रस्तुत की गई जानकारी मेरी/हमारी जानकारी के अनुसार पूर्णतः सत्य है। मैं/हम प्रस्तुत जानकारी में किसी भी प्रकार की त्रुटि या गलत जानकारी प्रस्तुत करने के लिये स्वयं जिम्मेदार रहूंगाएवंकिसी भी स्तर पर असत्य जानकारी पाए जाने पर प्रस्तुत निविदा प्रस्ताव स्वमेव निरस्त माना जावेगा एवं भारतीय नियमों के अनुसार मेरे/हमारे विरूद्ध कार्यवाही के लिए तैयारी रहूंगा/रहूंगी।

प्राधिकृत व्यक्ति के हस्ताक्षर

नाम -

पदनाम-

संस्था -

सील -

अनुलग्नक 2

तकनीकी प्रस्ताव हेतु प्रपत्र(प्ररूप - 2)

संदर्भ: निविदा क्रमांक .... **दिनांक ....**

निविदाकारसंस्था/फर्म/एजेंसी का नाम	
निविदाकार संस्था/फर्म/एजेंसी का प्रकार	निजी/सार्वजनिक क्षेत्र/साझेदारी
निविदाकार संस्था/फर्म/एजेंसी का पंजीयन क्रमांक एवं दिनांक	....
संस्था/फर्म/एजेंसी प्रमुख का नाम	
निविदाकार संस्था/फर्म/एजेंसी की वार्षिक आय/व्यय	
निविदाकार संस्था/फर्म/एजेंसी का पैन कार्ड नंबर	
संस्था का पता (गॉव/विकासखण्ड/जिला/राज्य/पिनकोड/)	....
एसटीडी कोड/ फोन नंबर/ मोबाइल नंबर/ फ़ैक्स नंबर	....
ईमेल एवं वैबसाइट	
चिकित्सालयीन सॉफ्टवेयर संचालन का अनुभव (वर्ष मे)	
निविदा के साथ प्रतिभूति राशि के एफ.डी.आर. का विवरण (जारी करने वाले बैंक का नाम/क्रमांक/दिनांक/राशि)	....
विगत तीन वर्षों के आयकर रिटर्न की अभिस्वीकृति संलग्न (हॉ/नहीं)	
जीएसटी नंबर	

प्राधिकृत व्यक्ति के हस्ताक्षर

नाम -

पदनाम-

संस्था -

सील -

अनुलग्नक 3

प्ररूप3

संचालन हेतु वित्तीय प्रस्ताव

संदर्भ: निविदा क्रमांक .... **दिनांक ....**

निविदाकार संस्था/फर्म/एजेंसी का नाम(तकनीकी निविदा अनुसार)	
निविदाकार संस्था/फर्म/एजेंसी का पता (तकनीकी निविदा अनुसार)	

क्र.	**विवरण**	**निविदा / राशि (रूपयों में प्रतिमाह)**
1	सम्पूर्ण कार्य (साफ्टवेयर संचालन, रोगी पंजीयन, आपातकालीन रोगी पंजीयन, भर्ती एवं छुटटी का पंजीयन, लैब रिपोर्ट प्रिंटिंग, एम.आर.डी., दवा खर्च पत्रक आदि), उपकरण संसाधन मय इंटरनेट सहित प्रतिमाह निश्चित राशि (जी.एस.टी. एवं अन्य शुल्क सहित)	

मैं/हम उक्त सारणी के क्रमांक1 में दिये गये योग जो कि सभी प्रकार की त्रुटिहीन गणना पर आधारित है एवं सभी प्रकार के करों को ध्यान में रखते हुये यह वित्तीय प्रस्ताव मेरे/हमारे द्वारा दिया जा रहा है जिसमें किसी भी अन्य राशि की गणना शेष नहीं है।

मैं/हम सफल निविदाकार होने पर या सफल होने के परिपेक्ष्य में तय की गई राशि पर कार्य स्वीकार करने हेतु अपनी सहमति प्रदान करते /करता हूँ।

नोट-

- जिन रोगीयों द्वारा आधार नंबर दिया जाएगा उनकी सामान्य जानकारी नहीं भरना पड़ेगा जिससे कम समय में पर्ची दी जा सकती है। जिन रोगीयों की ओ.पी.डी.पर्ची बनाई जाती है उनका विवरण आई.पी.डी./भर्ती में स्वत: चला जाता है केवल वार्ड, बिस्तर इत्यादि का अलाटमेंट किया जावेगा।
- ओपीडी पर्ची/भर्ती पर्ची का प्रिंट आउट ए-4 साइज के पेपर में दिया जावेगा।

प्राधिकृत व्यक्ति के हस्ताक्षर
नाम -
पदनाम-
संस्था -
सील -

अनुलग्नक 4

प्ररूप - 4

संस्था के पास उपलब्ध कर्मचारियों का विवरण / बायोडाटा

क्रमांक	नाम	कर्मचारी	शैक्षणिक	कार्यानुभव	रिमार्क

		कोड	योग्यता	(स्थान एवं अवधि)	

प्राधिकृत व्यक्ति के हस्ताक्षर
नाम -
पदनाम-
संस्था -
सील -

अनुलग्नक 5

(प्ररूप - 5)

शासकीय कार्यालय / सार्वजनिक संस्था में चिकित्सालयीन कार्य का अनुभव

सरल क्रमांक	शासकीय कार्यालय/ सार्वजनिक संस्था का नाम	प्रोजेक्ट का नाम	दिनांक	प्रोजेक्ट की लागत	संक्षिप्त जानकारी	वर्तमान स्थिति

(संस्था के आधिकारिक लेटरहेड पर संस्था प्रमुख/वरिष्ठ अधिकारी द्वारा जारी अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करें)

प्राधिकृत व्यक्ति के हस्ताक्षर
नाम -
पदनाम-
संस्था -
सील -

अनुलग्नक 6

(कम्प्यूटर एवं अन्य उपकरणों के विन्यास)

Desktop computer with preloaded Operating System

CPU	Intel Core i5 3.1 GHz, 6MB cache or higher.
Chipset	Intel Q67 or better on OEM Motherboard.
Bus Architecture	4 PCI (PCI/PCI Express)
Memory	4 GB 1066 Mhz DDR3 RAM with 8 GB expandability.
Hard Disk Drive	320 GB 7200 rpm serial ATA HDD or higher
Monitor	47 cm or larger (18.5 inch or larger) TFT/LED Digital Monitor TC0-05 certified.
Keyboard	104 Keys
Bays	3 Nos or above
Ports	6 USB Ports (With at least 2 in front) ,audio ports for microphone and headphone in front.
Cabinet	mini tower
DVD ROM Drive	8x or better DVD ROM Drive
Network facility	10/100/1000 on board integrated network port with remote booting facility remore system installation, remote wake up, out of band management using nay standard management software
Operating System	Windows 7 Professional or higher os
OS Certifications	Windows 7 OS certification
Power Management	Screen Blanking, Hard Disk and System Idle Mode in Power on, Setup up password, Power supply SMPS Surge protected.
Preloaded software	Microsoft Windows 7 professional preinstalled & Norton/McAfee/ e- trust & other software, Antivirus Software latest Version with 3 years license.

Laptop computer with preloaded Operating System

Laptop	Processor:Core i5 (5th Gen), or higher Ram 2 GB/500 HDD or higher, Windows 7 or higher
Processor	Intel Core i-5,2540 M,2.6 GHz 3MB L3 Cache or higher
Chipset & Motherboard	Intel 6 series chipset on OEM mother board.
Memory	4GB DDR3-1333 RAM expandable upto 8 GB.
HDD	320 GB 5400 rpm (min.) SATA with shock absorbers
Display	12.1"(30.73Cm) or above TFT active Matrix Display
Resolution	1280x768 WXGA or higher
Video controller	Intel HD Graphics, 128 MB or higher Shared system memory
Wireless Connectivity	Integrated wireless Intel 802.11 b/g/n,Integrated Blue tooth.
DVD Writer	Internal/External DVD Writer& integrated stereo speaker
Key Board	Key Board with Touch Pad/Track Point
Expansion Port	2USB, 1 VGA, RJ-45, headphone, microphone, Docking Connector, Express slot.
Operating system	Microsoft Windows 7 professional preinstalled & Norton/McAfee/ e- trust & other software, Antivirus Software latest Version with 3 years license.
Power Supply	230V, 50 Hz AC Supply with rechargeable Battery Pack Comprising of LI-ION battery Suitable for approx. 4hrs.operation complete with battery charger/adaptor

UPS	Online/Line Interactive UPS With Isolation transformer suitable for single phase AC input & single phase AC output, Floor Mounted Type, Rating of UPS : 700VA Indicative Back-up Time: 30 Minutes Digital meter shall be provided for monitoring the following parameters in UPS Inuput ac voltage, Output ac voltage, current and frequency, battery voltage and current. Following indicators shall be provided:- (i) Mains presence. (ii) Battery charging and discharging (iii) Output overload (iv) Low battery voltage.
Internet	At least 8 MBPS speed in every computer 2 connection from separate service providers structured LAN cabling/Switch installation